कि दिनांक 2 जुलाई, 1992 के "जनसत्ता" (दिल्ली)" में दवा की शीशी में कीड़ा निकला" शीर्षक से समाचार छपा है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) से (ग) उपलब्ध सूचना के अनुसार शिकायतकर्ता ने यह मामला न तो पंजाब सरकार को सूचित किया है और न ही केंद्रीय सरकार को। तथापि, उसने जिला और सेशन न्यायाधीश, जिला उपभोक्ता मंच, भटिंडा के पास यह शिकायत दर्ज की है । इसलिए यह मामला न्यायाधीन है ।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में शोध-प्रबंध का चोरी होना

2098. **श्री अनन्त राम जायसवाल** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जून, 1992 के तीसरे सप्ताह में सरकार को यह शिकायत मिली है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के एक ऐनेस्थेसिया प्रोफेसर ने दूसरे लोगों के शोध-प्रबंध चुरा कर उन्हें "जनरल आफ एनेस्थेसियोलोजी और क्लिनिकल फार्माकोलोजी" में अपने नाम से छपवाया ;

(ख) क्या यह सच है कि ऐसी ही एक शिकायत के कारण उपर्युक्त संस्थान के ई.एन.टी. विभाग के एक डाक्टर को दिसम्बर, 1990 में त्यागपत्र देना पड़ा था ; और

(ग) क्या उपयुक्त भाग (क) में उल्लिखित प्रोफेसर के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) जी, हां । मामले की जांच की जा रही है ।

(ख) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने सूचित किया है कि ई.एम.टी. विभाग के एक भूतपूर्व एसोसिएट प्रोफेसर ने 31-7-80 (अपराह्न) को संस्थान से त्यागपत्र दिया था । उस समय उसके खिलाफ शैक्षिक बकायों और साहित्यिक चोरी के आधार पर एक अनुशासनिक मामला लंबित था ।

(ग) ऊपर (क) के उत्तर को देखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता ।

Norm for admission in pre-medical entrance examination

2099. DR. BAPU KALDATE : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether any guidelines have been issued by the Medical Council of India to all the State Medical Boards regarding the admission norms in pre-medical entrance examination ;

(b) if so, what are the reasons that at places like Delhi, the basis of eligibility is qualifying examination from Delhi only while in U.P. or M.P., a candidate become eligible, on that basis of domicile certificate ; and

(c) whether Government propose to ensure that there is uniformity as far as the admission norms are concerned ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE SHRIMATI D.K. THARADEVI SIDDHARTHA : (a) Yes, Sir.

(b) Domicile restrictions are incorporated by concerned State/ Union Territory.

(c) Does not arise.